UK Health Security Agency

# संक्रमण (इंफेक्शन) के लिए सर्जिकल घावों की निगरानी

मरीज़ के लिए जानकारी







इस सूचना-पुस्तिका में सर्जिकल घावों से होने वाले संक्रमण (इंफेक्शन) और अस्पताल में होने वाले संक्रमणों का ध्यान रखने सम्बंधी राष्ट्रीय कार्यक्रम के बारे में बताया गया है।

## सर्जिकल घाव के संक्रमण क्या होते हैं?

ज्यादातर सर्जिकल घाव बिना किसी जटिलता के जल्दी ठीक हो जाते हैं। कुछ थोड़े से सर्जिकल घावों में ही संक्रमण की जटिलता होती है। ऐसा तब होता है जब कीटाणु (बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्म जीव) सर्जन द्वारा ऑपरेशन करने के लिए आपकी त्वचा पर लगाए गए चीरे (कट) में प्रवेश कर जाते हैं।

हमारे शरीर के अंदर और शरीर पर तथा वातावरण में अनेक कीटाणु रहते हैं। उनमें से ज्यादातर कोई हानि नहीं पहुंचाते, बल्कि वे उपयोगी भी होते हैं। जो कीटाणु हमें हानि पहुंचा सकते हैं उनसे लड़ने के लिए हमारे शरीर में प्राकृतिक प्रतिरक्षा होती है। आम तौर पर, हमारी त्वचा कीटाणुओं को शरीर में घुसने से रोकती है, लेकिन अगर त्वचा कट-फट जाए (चोट लगने या ऑपरेशन के चीरे के कारण) तो उन्हें प्रवेश करने और संक्रमण फैलाने का रास्ता मिल जाता है।

## ये संक्रमण कब होते हैं?

सर्जिकल घाव के कारण संक्रमण ऑपरेशन के बाद के दो-तीन दिनों से लेकर घाव भरने तक (ऑपरेशन के बाद सामान्यत: दो-तीन हफ़्ते तक) कभी भी हो सकता है। हालांकि यह दुर्लभ है, लेकिन ऑपरेशन के कई महीनों बाद भी संक्रमण हो सकता है।

सर्जिकल घाव वाले संक्रमण असामान्य हैं (तालिका देखें)। सर्जिकल घाव वाले ज्यादातर संक्रमण त्वचा तक ही सीमित रहते हैं, लेकिन कभी-कभार वे गहरे ऊतकों (टिश्यू) तक भी फैल सकते हैं। सर्जरी के बाद शरीर के ऐसे भागों पर संक्रमण फैलने की ज्यादा संभावना रहती है जिन पर बहुत सारे कीटाणुओं का बसेरा होता है, जैसे आंतें।

**विभिन्न प्रकार के ऑपरेशनों में सर्जिकल संक्रमण की दरें**

| ऑपरेशन का प्रकार | प्रति 100 ऑपरेशन संक्रमित घावों की औसत संख्या* |
|---|---|
| घुटना जोड़ प्रतिस्थापन | 1 से कम |
| श्रोणि संधि (हिप-ज्वाइंट) प्रतिस्थापन | 1 से कम |
| पेट का हिस्टेरेक्टॉमी | 2 |
| संवहनी का ऑपरेशन | 2 |
| कोरोनरी आर्टरी बाइपास ग्राफ्ट | 3 |
| बड़ी आंत का ऑपरेशन | 9 |

*संक्रमित घावों का पता तब चलता है जब मरीज़ अस्पताल में भर्ती रहते हैं या ऑपरेशन के बाद उनके दोबारा भर्ती होने पर।
डेटा स्रोत: UKHSA. Surveillance of Surgical Site Infections in NHS Hospitals in England.

## मेरे घाव की निगरानी कैसे की जाएगी?

अस्पताल में आपके रहने के दौरान, आपके घाव की ड्रेसिंग बदलने वाले/वाली नर्स द्वारा संक्रमण के किसी भी चिह्न की जांच की जाएगी। यदि आप अपने घाव के बारे में चिंतित हैं तो अपनी देखरेख करने वाले/वाली नर्स से बात करें। अपनी ड्रेसिंग खुद हटाने, या घाव अथवा घाव से मवाद को हटाने वाली नली को छूने का प्रयास न करें। ऐसा करने से आप अनचाहे में अपनी अंगुलियों से कीटाणु अपने घाव में फैला सकते हैं।

आपके अस्पताल से जाने के बाद भी आपको संक्रमण हो सकता है। सर्जरी के बाद, उस जगह का लाल हो जाना और सूजन का अंदेशा रहता है, लेकिन यदि आपमें इनमें से एक या अधिक लक्षण दिखाई पड़ें तो आपको संक्रमण हो सकता है:

- आपके घाव के आस-पास की त्वचा लाल हो जाए या दुखती हो, और आपको लगता हो कि यह सामान्य रूप से घाव भरने का हिस्सा नहीं है, या वहां पर जलन या सूजन हो
- आपके घाव से हरे या पीले रंग का मवाद निकल रहा हो
- आप आम तौर पर अस्वस्थ या बीमार जैसा महसूस कर रहे हों, या बुखार हो

यदि आपको घाव के कारण कोई समस्या हो रही हो तो, जब तक आपको अस्पताल से सम्पर्क करने को न कहा गया हो, अपने सामान्य चिकित्सक (GP) से सम्पर्क करें। आपके ऑपरेशन के करीब एक महीने बाद, आपको अस्पताल से एक प्रश्नावली (पेपर, ईमेल या टेक्स्ट) मिल सकती है या अस्पताल से फोन आ सकता है कि आपको घाव से कोई समस्या तो नहीं है। बहुत से मरीज़ ऑपरेशन के तुरन्त बाद अस्पताल से चले जाते हैं और अस्पताल के कर्मचारियों को उनके अस्पताल से जाने के बाद, न कि केवल अस्पताल में रहने के दौरान, होने वाले घाव के संक्रमणों के बारे में जानना आवश्यक होता है।

## यदि मुझमें लक्षण दिखाई पड़ें तो क्या होगा?

आपका अस्पताल आपके ऑपरेशन के बारे में जानकारी एकत्र करेगा और संक्रमण के संकेतों के लिए आपके घाव पर नजर रखेगा। अगर नर्स, मिडवाइफ या डॉक्टर को संदेह होगा कि आपको सर्जिकल घाव का संक्रमण हुआ है तो वे एक फाहे (स्वाब) की सहायता से आपके घाव के ऊपर से एक नमूना ले सकते हैं और उसे वे प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजेंगे। आपके नर्स या डॉक्टर द्वारा ऐंटिबायोटिक्स से उपचार की अनुशंसा की जा सकती है। आपके ऑपरेशन के बारे में एकत्र की गई जानकारी का उपयोग अस्पताल द्वारा आपको बेहतर व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने के लिए किया जाता है।

## मेरी जानकारी किनके साथ साझा की जाएगी?

यूके हेल्थ सेक्योरिटी एजेन्सी (UKHSA) पूरे इंग्लैंड में अस्पतालों में होने वाले सर्जिकल घावों के संक्रमणों पर नजर रखने के लिए जिम्मेदार है। इस कार्य में सहायता के लिए, आपका अस्पताल आपके ऑपरेशन के बारे में व्यक्तिगत जानकारी UKHSA के साथ साझा करता है, जिसमें आपका नाम, जन्मतिथि, लिंग और NHS नम्बर भी शामिल हैं। साथ ही, सर्जिकल घाव के संक्रमण होने के आपके जोखिम के बारे में भी जानकारी साझा की जाती है, जिसमें निम्नांकित शामिल हैं:

- ऑपरेशन के पहले आपके स्वास्थ्य का सामान्य स्तर
- आपके ऑपरेशन के बारे में जानकारी
- सर्जरी के बाद आपको हो सकने वाले किन्हीं भी संक्रमणों के बारे में जानकारी

आपके अस्पताल से प्राप्त जानकारी की गुणवत्ता और सटीकता की जांच करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम मरीज़ों की एक बार से ज्यादा गिनती न कर लें, UKHSA के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करना आवश्यक है। हम इस जानकारी का उपयोग NHS रिकॉर्ड से उसे लिंक करने के लिए भी करते हैं ताकि यह देखा जा सके कि क्या आपको अपनी सर्जरी के बाद अस्पताल में फिर से भर्ती कराया गया है, और क्या आपमें मधुमेह जैसे संक्रमण के लिए कोई जोखिम कारक मौजूद हैं। इससे हमारे जन स्वास्थ्य वैज्ञानिकों को अस्पतालों में सर्जिकल संक्रमणों की दरों का आकलन करने और मरीज़ों को दिए जाने वाले उपचार को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, हम राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (Office for National Statistics) की मृत्यु दर रिकॉर्ड से भी लिंक करते हैं ताकि यह देखा जा सके कि सर्जिकल संक्रमण वाले किसी मरीज़ की इस संक्रमण से मृत्यु तो नहीं हुई है।

क्लीनिकल संक्रमणों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, आपकी जानकारी को UKHSA द्वारा संधारित माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला डेटा से भी लिंक किया जा सकता है। आपकी जानकारी को हम अन्य क्लीनिकल रजिस्टरों में अवधारित रिकॉर्डों से भी लिंक कर सकते हैं जिनमें इस्तेमाल किए जाने वाले सर्जिकल इम्प्लांट जैसी अधिक विस्तृत सर्जिकल जानकारी मौजूद होती है।

आपका या आपकी ओर से सक्रिय किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल फोन नम्बर और ईमेल ऐड्रेस UKHSA के साथ साझा किया जा सकता है ताकि हम आपको ईमेल या टेक्स्ट के माध्यम से घाव भरने से सम्बंधित प्रश्नावली भेज सकें, जिसे आप पूरा करके UKHSA को वापस भेज सकते हैं।

## सर्जिकल संक्रमणों के बारे में और अधिक जानकारी मुझे कहां मिल सकती है?

सर्जिकल घावों के संक्रमण के बारे में आपको और अधिक जानकारी UKHSA की इस वेबसाइट पर मिल सकती है:
www.gov.uk/government/collections/surgical-site-infection-ssi-guidance-data-and-analysis

## UKHSA के बारे में और अधिक जानकारी मुझे कहां मिलेगी?

सर्जिकल घावों के संक्रमणों पर नजर रखने के लिए UKHSA आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग कैसे करता है, इस बारे में और अधिक जानकारी आपको यहां मिल सकती है: www.gov.uk/guidance/surgical-site-infection-surveillance-privacy-notice

UKHSA द्वारा उन मरीज़ों के लिए प्रस्तुत जिनकी सर्जरी की निगरानी UKHSA की सर्जिकल स्थलीय संक्रमणों की निगरानी सेवा द्वारा की जा रही है।

| **यदि आपके और कोई सवाल हों तो कृपया सम्पर्क करें:** |
|---|
| |

यह सूचना-पुस्तिका प्रिंट के बड़े अक्षरों में और निम्नांकित भाषाओं में भी उपलब्ध है, जैसेकि: अरबी, बंगला, चाइनीज़ (सरलीकृत या पारंपरिक), गुजराती, पोलिश, पंजाबी और उर्दू। आप इस प्रकाशन को www.gov.uk/ukhsa से डाउनलोड कर सकते हैं।

आप ओपन गवर्नमेंट लाइसेंस (OGL) v3.0 की शर्तों के अंतर्गत इस जानकारी (लोगो को छोड़कर) का किसी भी स्वरूप या माध्यम में निःशुल्क रूप से पुनः उपयोग कर सकते हैं। लाइसेंस के अवलोकन के लिए, OGL www.nationalarchives.gov.uk/doc/open-government-licence/version/3/ पर जाएं। जहां कहीं हमने किसी तीसरे पक्ष की कॉपीराइट जानकारी की पहचान की है, वहां आपको सम्बंधित कॉपीराइट धारकों से अनुमति लेनी होगी।

UKHSA प्रत्येक समुदाय के प्रत्येक सदस्य को संक्रामक रोगों, रसायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी और परमाणु हादसों तथा स्वास्थ्य सम्बंधी अन्य खतरों के प्रभाव से बचाने के लिए जिम्मेदार है। हम राष्ट्र को स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित रखने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर के साथ-साथ वैश्विक मंच पर बौद्धिक, वैज्ञानिक और संचालनात्मक नेतृत्व प्रदान करते हैं।

www.gov.uk/government/organisations/uk-health-security-agency

**Ulotka ta jest również dostępna w języku polskim**
ਇਹ ਪਰਚਾ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ ਵੀ ਉਪਲਬੱਧ ਹੈ
এই প্রচারপত্রটি বাংলা ভাষায়ও পাওয়া যায়
આ પત્રિકા ગુજરાતી ભાષામાં પણ ઉપલબ્ધ છે
本宣传单还提供有中文(简体)版本
本宣傳單還提供有中文(繁體)版本

تتوفر هذه الكراسة أيضاً باللغة العربية.
یہ پرچہ اُردو میں بھی دستیاب ہے

© Crown copyright 2025

इस दस्तावेज़ से सम्बंधित जिज्ञासाओं के लिए, कृपया यहां सम्पर्क करें:
ssi.data@ukhsa.gov.uk

प्रकाशन तिथि: जून 2025

प्रकाशन संदर्भ: GOV-11041

फोटो: © Shutterstock

Corporate member of Plain English Campaign
Committed to clearer communication
339

UKHSA संधारणीय विकास लक्ष्यों का समर्थक है

SUSTAINABLE DEVELOPMENT GOALS